卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 288 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦26 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सरकार सैनिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: धामी

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कारगिल विजय दिवस आज प्रदेश भर में उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को नमन किया। उन्होंने गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक स्थल पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राज्यपाल ले जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने चीड़बाग स्थित शौर्य स्थल पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। चीड़बाग स्थित (शेष पृष्ठ सात पर)





## विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संयुक्त किसान मोर्चे की तहसील रूद्रपुर इकाई ने सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधत ज्ञापन एडीएम को सौंपकर किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों का कहना था कि भारत सरकार द्वारा किसानों से वायदा करने के बाबजूद अपने वायदे के खिलाफ लगातार किसानों को जल, जंगल तथा जमीन से बेदखल कर कौरपोरेट के हवाले किया जा रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसानो ने ज्ञापन में किसानों की सभी फसलों के लिये (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## सरकारी पार्क पर अवैध कब्जे का प्रयास, हंगामा

### सूचना पर नगर निगम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण, कमेटी को भंग करने की उठी मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविन्द्र नगर स्थित सुभाष क्लब पार्क में अवैध कब्जे के खिलाफ लोगों ने पार्षद बबलू सागर के नेतृत्व में जमकर हंगामा काटा। गुस्साए लोगों ने सुभाष क्लब की कमेटी पर क्लब को खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाते हुए कमेटी को भंग करने की मांग की। पार्क में अवैध निर्माण की सूचना पर एसडीएम ने नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मामले में कमेटी के खिलाफ मेयर को ज्ञापन भी दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रविन्द्र नगर में नेताजी सुभाष क्लब के नाम से सरकारी पार्क है जिसमें खेल प्रतियोगिताओं व अन्य आयोजनों के लिए भवन भी बना है। जिसकी देख-रेख सुभाष क्लब की कमेटी करती है। इस पार्क में अकसर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं और सुबह शाम बढ़ी संख्या में युवा खेलों के लिए अभ्यास करते हैं। कुछ समय से क्लब के मंच पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इससे आज खेल प्रेमी और अन्य लोग भड़क गये। उन्होंने पार्षद बबलू सागर के नेतृत्व में मौके पर हंगामा करते शुरू कर दिया और मामले की शिकायत प्रशासन से की। जिसके बाद एसडीएम ने मौके पर अवैध रूप से कराये जा रहे निर्माण को ध्वस्त करवा दिया। इस दौरान हंगामा कर रहे लोगों ने सुभाष क्लब की कमेटी को भंग कर नई कमेटी के गठन की मांग की। उन्होंने कहा वर्तमान कमेटी के अध्यक्ष शिव पद सरकार व अन्य लोग क्लब को खुर्द बुर्द करके (शेष पृष्ठ सात पर)



## श्रमिकों से भरा टेम्पो पलटने से कई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः सिडकुल क्षेत्र में श्रमिकों को लेकर फैक्ट्री जा रहा टेम्पो अचानक सामने आये बाईक सवार को बचाने के प्रयास में पलट गया। इस दुर्घटना में चालक सहित कई श्रमिकों को चोटें आ गईं। जिन्हें उपचार के लिए टेम्पो चालक ने स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प निवासी अरूण आज प्रातः अपने टेम्पो संख्या यूके 06 टीए 4518 में श्रमिकों को लेकर सिडकुल के लिए रवाना हुआ। जब वह सिडकुल क्षेत्र में एक चौराहा पर पहुंचा तो एक बाईक सवार अचानक तेजी से टेम्पो के सामने आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में चालक अरूण टेम्पों पर से (शेष पृष्ठ सात पर)



## यातायात पुलिस के दरोगा ने गटका जहर

रूद्रपुर। यातायात पुलिस ने उपनिरीक्षक धनपाल तलवार ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में उन्हें निजी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मॉडल कालोनी निवासी टीएसआई धनपाल तनवार ने अज्ञात कारणों के चलते घर पर जहरीले पर्दाथ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख पत्नी घबरा गयी। सूचना पर इंदिरा चौक पर तैनात यातायात पुलिस कर्मी कैलाश सिंह उनके आवास पहुंचे। उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सब इंस्पेक्टर के जहरीले पदार्थ के सेवन करने की सूचना से विभाग में भी हड़कंप मच गया। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल,सीओ सिटी अनुषा बडोला ,टीआई विजय विक्रम समेत अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एसएसपी ने अस्पताल के एमडी डॉ प्रदीप अदलखा से भी बातचीत की। पुलिस जहरीले पदार्थ के सेवन के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल टीएसआई की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## सीएम की घोषणा से भड़के कांग्रेसी, पुतला फूंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा बाईपास रोड एफसीआई गोदाम के सामने मोदी मैदान में शहरी आवास योजना को रोके जाने, गांधी पार्क का अस्तित्व समाप्त कर उसमें मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने और 5 माह पूर्व रुद्रपुर शहर से उजाड़े गए व्यापारियों को अभी तक पुनर्वासित नही किए जाने के खिलाफ कांग्रेसियों ने ने डीडी चौक पर प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार का पुतला फूंका। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में शहर की विभिन्न बस्तियों से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह शहरी आवास योजना के अंतर्गत गरीब लोगों को आवंटित किए जाने वाले मकानों को एफसीआई गोदाम के सामने किच्छा (शेष पृष्ठ सात पर)



## अंग्रेजी शराब की दुकान से हजारों की नगदी चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में घात लगाए अज्ञात चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान पर धावा बोलकर गल्ले में रखी हजारों रुपयों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाना (शेष पृष्ठ सात पर)

# शौर्य दिवस पर शहीदों को किया नमन

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।सन् 1999 मे हुए कारगिल युद्ध के शहीदो की स्मृति मे कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप मे पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल मे श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी व भूतपूर्व सैनिको द्वारा कारगिल युद्ध मे शहीद हुए जनपद के हवलदार पदम राम व राइफलमैन अमित नेगी के चित्रो पर पुशपचक्र अर्पित किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कारगिल दिवस के शहीदो को कोटि–कोटि नमन करते हुए कहा कि सैनिक कठिन व विशम भौगोलिक परिस्थितयो मे भी सीमाओं पर देश की रक्षा देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहूती दी उनको सच्ची श्रद्धांजली होगी। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा कि कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं, यह देश के सैनिकों के शौर्य एवं अदम्य साहस का प्रतीक है। कारगिल में टोलोलिंग पर्वत चोटी से लेकर द्रास सेक्टर तक दुश्मनों को परास्त करने में उत्तराखण्ड मिशन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बताया इस युद्ध मे देश के 527 जवान शहीद हुए जिसमे प्रदेश के 75 व जनपद के 02 जवान शामिल है। इस युद्ध मे देश के 1300 जवान घायल हुए। शौर्य दिवस के अवसर पर जनपद में शिक्षण संस्थाओं द्वारा कारगिल युद्ध/देश भक्ति से सम्बन्धित चित्रकला, निबन्ध एवं कविता पाठ एवं खेल विभाग द्वारा



विशाल मिश्रा, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीश बिश्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आरएस धपौला, पुलिस विभाग एवं विभिन्न विभागो के अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो कर रहे है, हम उनके परिजनो को सम्मान दें साथ ही सैनिको का कोई भी कार्य हो उसे प्राथमिकता से पूर्ण करना चाहिये। उन्होने कहा वीर शहीदो के परिवारो के प्रति हमारा जो दायित्व बनता है, उसे हमे पूरा करना चाहिये ताकि वे अपने को गौरवान्वित महसूस करें यही उन वीर सपूतो को जिन्होने के 75 वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इस युद्ध में जनपद ऊधमसिंह नगर के दो वीर सपूतों, हवलदार पदम राम तथा राइफलमैन अमित नेगी, ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आरएस धपौला ने बताया कि सन् 1999 मे हुए कारगिल युद्ध के कारणो एवं कारगिल आयोजित क्रास कन्ट्री प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला सैनिक परिशद आरपी सिंह, यूएस चौहान, सदस्य राज्य सैनिक परिशद खड़क सिंह कार्की, अध्यक्ष पूर्व सैनिक जिला लीग मेजर उपाध्याय, अन्य लोग उपस्थित थे।

## छात्रों ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

शक्तिफार्म। राजकीय महाविद्यालय सितारगंज में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में कारगिल में शहीद सभी अमर जवानों को नमन किया तथा छात्र–छात्राओं को कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी भी दी। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय सितारगंज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राजीव यादव , आशीष साहनी ,धर्मेश जोशी, विशाल कुमार ,विवेक शर्मा ,नवीन कुमार ,राजू कुमार ,अमन हालदार जय मंडल ,अमन मंडल ,हिमांशु गिरी इत्यादि छात्र नेता मौजूद थे




## कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर

पत्र सं0. 140 निर्माण कार्य / 2023-24 — दिनांक 24/07/2023

ई-मेल आई०डी०-nagarpanchayatshaktigarh@gmail.com — टोल फ्री नं0 18005725154

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

निकाय के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निकाय को राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नवत् कार्य करवाये जाने हेतु निविदायें दिनांक 01/08/2023 को अपरान्ह 01 :00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 01 :30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/07/2023 से 28/07/2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में नगद मूल्य पर कय किये जा सकते है। निविदा डालते समय ठेकेदार को 03 (तीन) प्रतिशत अग्रिम जमानत (धरोहर राशि)जो इसी बित्तीय वर्ष की हो. (एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/ टी०डी०आर०) के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शक्तिगढ़ के नाम बंधक कर रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित रू0 100.00 का स्टांप प्रपत्र निविदा पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में उक्त ठेकेदार की निविदा निरस्त कर दी जायेगी। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पास सुरक्षित होगा। अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़ से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | निर्माण कार्य का नाम | धरोहर की राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | GST 18% | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 3 में श्री ठाकुर दास के घर से श्रीमती कुसुम दास के घर की ओर सड़क निर्माण का कार्य । | 20000.00 | 1000.00 | 180.00 | 03 माह |
| 2 | वार्ड नं0 3 में श्रीमती कुसुम दास के घर से श्री रंगो शील के घर तक सड़क निर्माण का कार्य। | 25000.00 | 1000.00 | 180.00 | 03 माह |

**शर्ते:**

1. शशर्ते निविदा अमान्य होगी।
2. प्रत्येक ठेकेदार मानक के अनुसार ही मटेरियल प्रयोग करेगा कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर ठेकेदार का भुगतान रोक दिया जायेगा।
3. तीन (03) प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि जो इसी वित्तीय वर्ष की हो, (एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/ टी०डी०आर०) के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पदनाम बंधक कर लगानी अनिवार्य होगी। जो एक वर्ष उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में वापस की जायेगी।
4. 08 (आठ) प्रतिशत जमानत की राशि (एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०टी०डी०आर०) के रूप में जमा करेंगे, जो एक वर्ष उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने के स्थिति में वापस किया जायेगा।
5. निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि से तीन वर्ष तक निर्माण कार्य की देख रेख- रख रखाव की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
6. प्रत्येक ठेकेदार नियत अवधि के अन्दर कार्य पूर्ण करेगा। विलम्ब होने की दशा में उस ठेकेदार से विलम्ब शुल्क रू0 500.00 प्रतिदिन की दर से लिया जायेगा अथवा उसका निविदा निरस्त कर किसी दूसरे ठेकेदार को आवंटित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शक्तिगढ़
ऊधम सिंह नगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शक्तिगढ़
ऊधम सिंह नगर


## विजय दिवस पर कारगिल के शहीदों को किया याद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कारगिल विजय दिवस के मौके पर नैनीताल रोड स्थित शहीद पार्क में कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में हल्द्वानी मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत समेत बड़ी संख्या में सेना के पूर्व अधिकारी और जवान मौजूद रहे। इस दौरान कारगिल का युद्ध लड़ चुके भूतपूर्व सैनिकों ने



कहा कारगिल युद्ध एक अदम्य साहस भरा युद्ध था। जिसमें भारतीय सेना ने दुश्मनों को खदेड़ने का काम किया। कारगिल युद्ध में नैनीताल जिले से पांच जवान शहीद हुए। जिनकी शहादत पर आज उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कारगिल शहीदों की वीरांगनाए भी मौजूद रहीं। जिन्होंने नम आंखों से शहीदों के बलिदान को याद किया। मेयर जोगेंद्र रौतेला ने कहा सेना के इस बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता और जिस साहस का परिचय देते हुए भारतीय सेना ने कारगिल की लड़ाई जीती, उसे हमेशा याद किया जाएगा।

## मोहर्रम पर कानून व्यवस्था का हो पालन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी पंकज भट्ट द्वारा पुलिस के सभी सर्किल व थाना प्रभारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया और सभी को कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने–अपने थाना क्षेत्रों में मोहर्रम के आयोजन स्थलों तथा जुलूस के मार्गो की जानकारी कर लें। स्थानीय लोगों व सीएलजी की बैठक कर सभी आवश्यकताओं और समस्याओं का निराकरण कर लिया जाय।एसएसपी ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि मोहर्रम का शांतिपूर्ण आयोजन तथा जुलूस का निर्धारित समयावधि में समापन हो। सभी सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल का व्यवस्थापन करें। जुलूस में ले जाने वाली ताजियां निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।स्थानीय अभिसूचना की सभी इकाइयां सक्रिय रहकर कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की संवेदनशील व भ्रामक सूचना या गतिविधि से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीमें, सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार सक्रिय रहेंगे। किसी भी प्रकार की भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट को प्रसारित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक करवाई करेंगे।सभी थाना एवं चौकी प्रभारी अपने–अपने क्षेत्रों में संवेदनशील रहकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करेंगे।

## राज्यपाल ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता) ।कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने अदम्य साहस, शौर्य और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया था। इस विजय अभियान में भारतीय सेना के कई शूरवीरों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया जिसमें देवभूमि उत्तराखण्ड के कई वीर सैनिक भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का गौरव बढ़ाया है जिस पर हम सभी को गर्व है। राज्यपाल ने कहा कि शौर्य दिवस देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन भी है। इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं।

# गदरपुर में शुरू हुआ जिओ फाईबर नेटवर्क

## भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने किया शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। जिओ फाइबर व जियो टू 5 जी सेवाओं के शुभारम्भ को लेकर नगर के प्रतिष्ठित होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा व विशिष्ट अतिथि अनहद ग्रुप के एम डी रोहित हुड़िया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरआत की। कार्यक्रम का संचालन पीयूष गुप्ता व गौरव ग्रोवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिओ फाइबर की पूरी टीम द्वारा इंटरनेट की दुनिया में जिओ फाइबर की हाई स्पीड अनलिमिटेड लैंडलाइन कॉल 16 से अधिक ओटीटी एप्स सहित कई आकर्षक सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताया वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी की वीडियो के जरिए बधाई संदेश भी दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा आज की तेजतर्रार जिंदगी में इंटरनेट की उपलब्धि अपने आप में बहुत अहमियत रखती है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से जिओ कंपनी ने घर-घर तक इंटरनेट की सुविधा वर्चुअल मीटिंग के जरिए ही घर बैठे बड़ी से बड़ी बैठक मे अपनी सहभागिता दर्ज की जा सकती है उन्होंने कहा देश में सबसे सस्ता इंटरनेट भी आम जनमानस से पहुंचती है तो उसकी वजह भी जिओ द्वारा दिए इंटरनेट से ही संभव हो पाया है। वही विगत 2 वर्षों से लगातार रुद्रपुर जिले क बढ़ गया है एसटीएस टेलिविजन नेटवर्क के स्वामी काली चावला ने बताया आज बड़े से बड़े चैनल को जिओ फाइबर के द्वारा घर बैठे देखा जा



पहुंचाने का कार्य किया है उन्होंने कहा पूर्व में किसी भी बैठक मैं सहभागिता करने के लिए दिल्ली या देहरादून जाने की आवश्यकता पड़ती थी परंतु इंटरनेट की सफल सुविधाओं के चलते देने की बाली पहली कंपनी जिओ है जिसने भारत देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं देकर देश को एकजुट किया है। उन्होंने कहा आज सोशल मीडिया के जरिए छोटी से छोटी खबर में अपनी सेवाएं दे रहे काली चावला ने कहा आज जिओ फाइबर रुद्रपुर शहर में 14 हजार से अधिक कनेक्शन कर चुकी है और लोगों का विश्वास जिओ कंपनी पर पहले से कहीं अधि सकता है और बच्चों की पढ़ाई में भी जिओ फाइबर के इंटरनेट से बहुत बड़ी सहायता मिली है वही बैठक में गदरपुर शहर के तमाम टेलीकॉम व्यापारी उपस्थित रहे जिन्होंने जिओ फाइबर के गदरपुर में शुभारंभ होने की पूरी जिओ टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। जियो टीम के सभी मेंबरों ने बैठक में आए अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान जिओ टीम द्वारा बताया गया कि जिओ यूजर्स को वेलकम ऑफर के तहत आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें बिना किसी अतिरिक्त लागत के 1हइचे स्पीड पर अनलिमिटेड डाटा मिलेगा और वही उत्तराखंड में तेजी से फैलता जिओ टू 5जी नेटवर्क गदरपुर में जिओ के उपभोक्ताओं को पहले से अधिक सुविधाएं देने का काम करेगा। उन्होंने बताया हाई स्पीड इंटरनेट से गदरपुर के लोगों को यह व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा पर्यटन विनिर्माण एम एम ई ई शासन शिक्षा स्वास्थ्य सेवा कृषि ऑटोमेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गेमिंग और आईटी के क्षेत्रों में विकास के नए अवसर खुलेंगे। इस दौरान जुगनू हुड़िया गौरव ग्रोवर पीयूष गुप्ता ऋषि मनीष तनेजा जगजीत सिंह अरुण सहित जिओ की टीम व व्यापारी गण मौजूद रहे।

# संकल्प पूरा होने पर मेयर का किया अभिनंदन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नजूल भूमि को लेकर लिया गया मेयर रामपाल का संकल्प पूरा होने पर वार्ड नं. दस ठाकुर नगर के लोगों ने मेयर रामपाल सिंह का नागरिक अभिनंदन किया। बता दें वर्षो से नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक दिलाने के लिए नई नजूल नीति लाने तक मेयर ने अपनी कुर्सी पर नहीं बैठने का संकल्प लिया था। नजूल नीति का सरलीकरण नहीं हो पाने के चलते मेयर पिछले साढ़े चार सालों से अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे थे। पिछले चार वर्षो से मेयर रामपाल लगातार नजूल नीति के सरकलीकरण के लिए प्रयासरत थे। उन्होंने कई बार देहरादून जाकर इस मुद्दे को मुख्यंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष उठाया था। हाल ही में धामी सरकार ने नजूल नीति में संशोधन करके पचास वर्ग मीटर तक के भू स्वामियों को नि:शुल्क मालिकाना हक देने का शासनादेश जारी कर दिया जिसके बाद अब नजूल नीति के अंतर्गत लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रक्रिया शुरू होने के बाद बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपाल सिंह का संकल्प पूरा होने पर उन्हें उनकी कुर्सी पर बैठाया। मेयर रामपाल का संकल्प पूरा होने पर ठाकुर नगर वार्ड नं. 10 में आयोजित एक कार्यक्रम में मेयर राकेश सिंह का भी सत्यपाल गंगवार के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि धामी सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए नजूल नीति में संशोधन किया है। इस



रामपाल का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीति का लाभ अब शहर के हजारों लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नजूल नीति में संशोधन शहर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके तहत अब गरीबों को मालिकाना हक मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मेयर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने बीते दिनों नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में एक साा शहर को कोई सौगात दी है। मोदी मैदान में आउटडोर इंडोर स्टेडियम, शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण, नैनीताल हाईवे का सौंदर्यीकरण, जलभराव की समस्या के निस्तारण के लिए ड्रेनेज सिस्टम जैसी घोषणाएं शहर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने शहर में सड़कों के निर्माण के लिए दो करोड़ देने की घोषणा भी की है। जिससे विभिन्न वार्डो में जर्जर सड़कों का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर मदन लाल शर्मा,सुरेश विश्वास,राम अवतार शर्मा, विद्या सागर,कविता सागर, प्रेमपाल गंगवार, पुरुषोत्तम गंगवार, मीना गंगवार, डाल चन्द मौर्या, राम चंद्र मौर्या, अनिल मिश्रा, अनिल भारद्वाज, सुख लाल मौर्या, लाल सिंह, शोभा सक्सेना, रेवती, उर्मिला सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# मेयर से की गौशाला व खोड़ बनाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने नगर में गौशाला एवं खोड़ बनाने की मांग को लेकर मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला को ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम क्षेत्र बाजार, मुख्य मार्ग, मुखानी, नवाबी रोड, नहर कवरिंग रोड, गली मोहल्लों, भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिस कारण आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है।कई लोग दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके है।आवारा पशुओं के घूमने पर रोक के इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में दुर्घटनाएं बढ़ने का खतरा और बढ़ेगा। आवारा पशुओं



के लिए खोड़ व गायों के लिए गौशाला निर्माण अविलंब किया जाना जनहित में होगा। अगर नगर निगम उनको भूमि उपलब्ध कराएगी तो संगठन अपने संसाधनों से गौशाला संचालित करने को तैयार है।मेयर ने कहा कि जमीन गोलापार में चिन्हित कर ली है। उस पर शीघ्र काम होगा।ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, जिलाध्यक्ष राकेश बेलवाल, युवा मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष रवि गुप्ता,आफताब आलम, भुवन दानी, विजय गुप्ता, अमित बुढ़लाकोटी, संजय परगाई, डॉ, जेडए वारसी, भूपेश बिष्ट, हरीश पांडे, किशन वर्मा, रजत पंत, गिरीश सिंह आदि लोग शामिल थे।

# अंबेडकर की प्रतिमा हटाने के खिलाफ किया प्रदर्शन

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा हटाने के खिलाफ समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। उप तहसील पहुंचकर नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समाज के लोगों ने उग्र समाज द्वारा स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को हटाकर नई प्रतिमा लगाने के विरोध में समाज के दर्जनों लोग सड़कों पर उतरे धरना प्रदर्शन किया। उप तहसील पहुंचकर नायाब तहसीलदार राजेंद्र के साथ किया गया है। प्रतिमा की स्थापना दर्शकों पुरानी है। डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा जो कि वर्तमान में किसी प्रकार से खंडित नहीं है। राजनीतिक स्वार्थ से बदलने का प्रकरण संज्ञान में आ रहा है। जिस पर हम सभी अंबेडकरवादी समाज



आंदोलन की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार संत रविदास मंदिर परिसर अंबेडकर स्कूल वार्ड नंबर एक में सनवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ग्राम चंदेली, जंगल जोगी ढेर, बोहरी के ग्राम वासियों ने कहा कि संत रविदास मंदिर में अपनी धार्मिक व सामाजिक आस्था रखते हैं। परिसर में सामाजिक सहयोग से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना अम्बेडकरवादी समाज द्वारा आर्थिक सहयोग और आस्था व भावना के साथ हम समस्त ग्रामवासियों को आपत्ति है। प्रतिमा हटाने का प्रयास ना किया जाए उक्त प्रतिमा से हमारी भावनाएं जुड़ी हैं। इसके विरूद्ध अगर कोई कृत्य किया जाता है तो सामाजिक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रति जिलाधिकारी आईजी, उत्तराखंड सरकार, एवं नेता प्रतिपक्ष को भी भेजी गई। ज्ञापन देने वालों में अमित कुमार, सूरज कुमार, हरीश, रामजी, शिव प्रसाद कुंदन, सूरज प्रसाद, मुन्नालाल, शंभू शरण, मोतीलाल, राजकुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार शेखर, सुखदेव, आदि मौजूद थे।

**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# धूमधाम से मनाया जाएगा तीज महोत्सव: तिवारी

## अखिल भारतीय महिला ब्राह्मण महासभा की बैठक में तैयारियों को लेकर मंथन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा सावन के महीने में मनाये जाने वाले तीज महोत्सव की तैयारियां को लेकर एक ब्राह्मण महासभा से जुड़ी महिलाओं ने तय किया कि रुद्रपुर में आगामी 20 अगस्त को तीज के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक व धार्मिक की है कि महोत्सव में शामिल होने के लिये अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समाज के परिवार शामिल हों। ब्राह्मण महासभा की बैठक में तय



बैठक संपन्न हुई।महासभा की महिला इकाई अध्यक्ष अंजू तिवारी की अगुवाई में मंदिर मनकामेश्वर के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। महिला अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि मंदिर मनकामेश्वर के सभागार में होने वाले उक्त तीज महोत्सव में मेहंदी प्रतियोगिता,गायन प्रतियोगिता,तीज क्वीन व नृत्य प्रतियोगिता जैसे रोचक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।अंजू तिवारी ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिये सभी से अपना योगदान देने का आह्वान किया है।बैठक में मौजूद महासभा अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने अपील किया गया कि उपरोक्त तीज महोत्सव में शामिल होने के लिए आने वाली महासभा की सभी महिला सदस्य हरे रंग की साड़ी पहनकर आयेंगी।इस दौरान संगठन मंत्री दीपा जोशी,संरक्षक मीना शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी ममता त्रिपाठी,रश्मि शर्मा,रसना भारद्वाज,संजय शर्मा,ललित शर्मा,आशुतोष शर्मा,वंदना शर्मा, रुचि शर्मा,अंजू झा,संजीव शर्मा, श्वेता झा,आरती गोस्वामी,बीना पांडे, ममता तिवारी,प्रदीप तिवारी समेत अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# आयुष्मान में कवर्ड बीमारियों की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाये: दीपक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आयुष्मान योजनान्तर्गत पंजीकृत कोई भी अस्पताल गड़बड़ी न कर पाये। यह निर्देश मण्डलायुक्त दीपक रावत ने विकास भवन सभागार पहुँचकर कुमाऊँ मण्डल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने निर्देश दिये कि इम्पेनल्ड अस्पतालों में अलग से काउण्टर की व्यवस्था की जाये और आयुष्मान में कवर्ड बीमारियों की सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाये। उन्होंने मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि कामगारों को काम मिले और मटेरियल वर्क से ज्यादा लेबर वर्क पर विशेष ध्यान दिया जाये। आयुक्त ने मण्डल में सिकुड़ (कम हो) रहे बगीचों के क्षेत्रफल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि उद्यानीकरण के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को उद्यान लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नहरों की सफाई हेतु एसडीआरएफ में सिंचाई नहरों की सफाई हेतु प्रस्ताव तैयार कर, शासन में भेजने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने स्वरोजगार से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि स्वरोजगार अपनाने के इच्छुक युवाओं को सरलता से ऋण उपलब्ध



कराया जाये और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी की धनराशि समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ऋण सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर बैंको द्वारा स्वीकृति के स्थान पर भुगतान को ही अचीवमेंट (उपलब्धि) मानने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत बैंकों को एक्सेस उपलब्ध कराने हेतु मण्डलायुक्त कार्यालय से शासन में पत्राचार कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि समय-समय पर कार्यों की गुणवत्ता चौक की जाये और कार्यों को समयबद्धता से पूरा किया जाये। उन्होंने पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि आवास की मांग करने वाले जरूरतमन्दों की सूची तैयार रखी जाये ताकि आगामी सर्वे में सूची के आधार पर सभी जरूरतमन्दों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जा सके। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में महिलाओं के लिए टॉयलेट सुविधा पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने जल संरक्षण एवं संर्वधन, सड़क निर्माण, आजीविका मिशन, मत्स्य, उद्योग, कृषि, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, सीडीओ नैनीताल डॉ.संदीप तिवारी, सीडीओ पिथौरागढ़ वरूण चौधरी, सीडीओ बागेश्वर आरसी तिवारी, सीडीओ चम्पावत आरएस रावत, आईएएस ट्रेनी अनामिका सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# नशा मुक्ति के लिए छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नशा मुक्त उत्तराखंड की धामी सरकार की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा उन्मूलन रैली का आयोजन किया गया रैली में युवाओं ने बड़ी संख्या में नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।प्राचार्य डी.सी. पंत के नेतृत्व में निकली यह रैली प्रीत बिहार, लोक विहार होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई इस बीच नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को कैसे रोका जाए, छात्र-छात्राओं को कैसे जागरूक किया



जाए, इसके बारे में नोडल अधिकारी प्रोफेसर रीनू रानी मिश्रा ने विस्तार से बताया।रैली में सह नोडल अधिकारी डॉ नरेश कुमार ने बताया कि नशा मुक्त विद्यालय परिसर का निर्माण कैसे किया जा सकता है तथा महाविद्यालय परिसर के 200 मीटर तक किसी भी प्रकार की तंबाकू-गुटका, सिगरेट आदि की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। रैली में एनसीसी प्रभारी डॉ शलभ गुप्ता, डॉ राजेश सिंह, डॉ खान, डॉ विवेकानंद पाठक, डॉ सुनील मौर्या, डॉ अखिलेश कुमार तथा 325 छात्र छात्राओं के साथ ही 100 कैडेट्स ने भी सहभागिता की।

# आकाश बायजूस ने लांच की अपनी सबसे बड़ी बहुप्रतीक्षित परीक्षा

## छात्रों को मिलेगा सौ प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड पाने का मौका

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आकाश बायजूस ने अपनी सबसे बड़ी लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित परीक्षा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। यह परीक्षा छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करेगी। ANTHE छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं और एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस परीक्षा से स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा। जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जाएगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ अभिषेक माहेश्वरी ने लॉंचिंग के अवसर पर कहा कि उक्त परीक्षा एक घंटे की परीक्षा होगी




जिसमें कुल 90 अंक होंगे और इसमें छात्रों के ग्रेड और स्ट्रीम आकांक्षाओं के आधार पर 40 बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे। कक्षा सात से नौ तक के छात्रों के लिए, प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और मानसिक क्षमता जैसे विषयों को कवर करेंगे। मेडिकल शिक्षा के इच्छुक दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए, प्रश्नों में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और मानसिक क्षमता शामिल होगी, जबकि उसी कक्षा के इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए, प्रश्नों में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और मानसिक क्षमता शामिल होगी। इसी तरह, नीट के लिए लक्ष्य रखने वाले ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए, प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और प्राणीशास्त्र को कवर करेंगे, जबकि इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए वे भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित को कवर करेंगे।परीक्षा के लिए नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले और ऑफलाइन परीक्षा शुरू होने से सात दिन पहले है। परीक्षा शुल्क ऑफलाइन मोड के लिए 100 रुपये और ऑनलाइन मोड के लिए निःशुल्क है। ऑनलाइन परीक्षा के सभी दिनों के दौरान सुबह 10बजे से रात 9बजे के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि ऑफलाइन परीक्षा 8 और 15 अक्टूबर, 2023 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी: सुबह 10:30 बजे - सुबह 11:30 बजे और शाम 04:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक देश भर में आकाश के सभी केन्द्रों पर होगी।

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES
AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...



0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी ● तिकोनिया ● चर्च कम्पाउंड ● पिली कोठी
रुद्रपुर काशीपुर बाईपास रोड
काशीपुर ● चीमा चौराहा ● रामनगर रोड
गदरपुर गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली

# चाहत तो है तिरंगा लहराए, पर खर्च कौन उठाए ?

## जिम्मेदार महकमें की अपनी मजबूरियां,गांधी पार्क में राष्ट्रीय ध्वज के पूरे साल लहराते रहने के आसार कम

– अर्श–

रूद्रपुर। शासन–प्रशासन द्वारा कई बार कुछ ऐसे कार्य हाथ में ले लिए जाते हैं, जो आगे चलकर उनके लिए एक बड़ा सिरदर्द साबित होने लगते हैं। ऐसा ही कुछ शहर के गांधी पार्क में स्थापित किए गए 181 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के रखरखाव के संबंध में भी देखा जा रहा है । कुछ वर्ष पूर्व समूचे भारत के बड़े शहरों में ऊंचा से ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का एक एक दौर–सा चला था ,जिससे प्रेरित होकर रुद्रपुर के गांधी पार्क में भी, एक मोटी रकम खर्च करके 55 मीटर ऊंचे स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की व्यवस्था की गई और इस व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक निजी कंपनी को एक वर्ष के अनुबंध के द्वारा अधिकृत किया गया। अनुबंध के अनुसार कंपनी ने एक वर्ष तक राष्ट्रीय ध्वज स्थल की देखरेख की और इस दौरान शहर के आकाश की ऊंचाइयों में तिरंगा लहराता भी रहा ,परंतु एक वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद अनुबंध नवीनीकृत ना किए जाने के कारण ,संबंधित निजी कंपनी ने राष्ट्रीय ध्वज स्थल की देखरेख की जिम्मेदारी से अपने हाथ खींच लिए ।तत्पश्चात गांधी पार्क स्थित राष्ट्रीय ध्वज स्थापना स्थल के देखरेख का दायित्व ग्रामीण विकास विभाग पर आ गया ,लेकिन विभाग अपने इस दायित्व के निर्वहन के प्रति पूर्णतया उदासीन रहा आया। नतीजतन 181 फीट की ऊंचाई पर लहरा रहा राष्ट्रीय ध्वज आहिस्ता– आहिस्ता क्षतिग्रस्त हो गया





गांधी पार्क में स्थापित राष्ट्रीय ध्वज स्थल का बेस एवं तिरंगे पर प्रकाश फेंकने के लिए लगाई गई लाइटें गायब

और कालांतर में उसके भग्नावशेष भी नजर आने बंद हो गए ।ताजा हालात कुछ ऐसे हैं कि अब मौके पर केवल राष्ट्रीय ध्वज का स्तंभ भर बेनूर–सा खड़ा है और प्रोटोकॉल के अनुसार रात्रि के समय में राष्ट्रीय ध्वज पर समुचित प्रकाश बनाए रखने के लिए ,की गई लाइट व्यवस्था भी पूरी तरह छिन्न–भिन्न हो चुकी है। इसके अलावा हाई माश बल्ब को सुरक्षित रखने के लिए लगाए गए चार बॉक्स मे से एक बॉक्स भी मौके से गायब हो चुका है ।उत्तराखंड के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापना स्थल की इस दुर्दशा एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इसकी अपेक्षित देख रेख ना कर पाने के पीछे विभाग की आर्थिक मजबूरियां बताई जा रही हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो गांधी पार्क में स्थापित राष्ट्रीय ध्वज स्थल की देखरेख के लिए शासन –प्रशासन द्वारा फंड निर्धारित नहीं किया गया है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि इस हेतु किस मद से पैसा आएगा ? सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि काफी ऊंचाई पर लगाए जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण के लिए एक खास किस्म के कपड़े की आवश्यकता होती है जोकि काफी महंगा होता है। साथ ही ऊंचाई पर यह एक से डेढ़ माह तक ही सही सलामत रह पाता है। उसके बाद यह क्षतिग्रस्त होने लगता है लिहाजा यह आवश्यक है कि राष्ट्रीय ध्वज को हर दो माह में बदला जाए और प्रत्येक दो माह बाद राष्ट्रीय ध्वज बदले जाने में कई तकनीकी एवं व्यावहारिक अड़चनें निकलकर सामने आती हैं । खैर, ग्रामीण विकास विभाग की तथाकथित



मजबूरियों को जानने के बाद **'उत्तरांचल दर्पण'** ने जब इस मसले पर स्थानीय विधायक शिव अरोरा के कार्यालय से संपर्क किया, तो उनके प्रतिनिधि ने बताया कि गांधी पार्क में शीघ्र ही तिरंगा लगवा दिया जाएगा। दूसरी ओर तिरंगे के लापता होने से आहत पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बातचीत के दौरान ,वर्तमान में अपने विधायक ना होने की लाचारी बताई। बात सर्वसाधारण की करें तो सियासतदारों के 'शब्दजाल' से इतर जनसामान्य ने सीधे और साफ तौर पर कहा कि शहर के गांधी पार्क में राष्ट्रीय ध्वज पूरी गरिमा के साथ शीघ्र ही पुन: लगवाया जाना चाहिए।

गांधी पार्क में लगाया जाने वाला राष्ट्रीय ध्वज आकार में बड़ा है, साथ ही उसका वजन भी अधिक रहता है। इसलिए वह बरसात और तेज हवाओं के चलते जल्द ही फट जाता है ।संबंधित विभाग को निर्देशित कर दिया गया है । गांधी पार्क में शीघ्र ही राष्ट्रीय ध्वज पुन: लहराने लगेगा।

**–शिव अरोरा विधायक**



गांधी पार्क में स्थापित किए गए प्रदेश के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्थल की देखरेख की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास विभाग की है । यद्यपि वर्तमान में मैं विधायक नहीं हूं, फिर भी मैं विभाग से आग्रह करूंगा कि वह स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा लगवा दें।

**राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक**





भारी भरकम धनराशि खर्च करके जब शहर में राज्य का सबसे ऊंचा तिरंगा लगवाया गया है, तो वह पूरे साल लहराते हुए दिखना भी चाहिए । दायित्वधिकारियों को चाहिए कि वह जल्द से जल्द पूरी गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज को पुन: लगवा दें।

**–गुरमीत सिंह ,जिलाध्यक्ष देवभूमि व्यापार मण्डल**

राष्ट्रीय ध्वज हर भारतीय का अभिमान है। पहली बात तो इसे आम दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए क्योंकि राष्ट्रीय ध्वज की एक अलग गरिमा है ।उसका एक प्रोटोकोल होता है। शासन– प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह प्रोटोकॉल के अनुसार उसे दोबारा लगवाएं।

**–दिनेश गुप्ता एडवोकेट**



हमारा तिरंगा अपने आप में बेहद खास है ।शासन–प्रशासन के लोग भले ही इस की गरिमा का पूरा ख्याल ना रखें पर आम लोग इससे भावनात्मक रूप से सदैव ही जुड़े रहते हैं और इसे पर्याप्त सम्मान देते हैं ।जब किसी विशेष प्रयोजन से इसे कहीं स्थापित किया गया है ,तो ऐसे प्रबंध किए जाने चाहिए कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज पूरी आन बान और शान से हर वक्त लहराता रहे। **–दीपिका भारती ,गृहणी**



# प्रशिक्षण के साथ खिलाड़ियों को छात्रवृति दे रही है सरकार : चुघ

## मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना में रूद्रपुर ब्लॉक स्तरीय ट्रायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।देवभूमि उत्तराखंड में जब से मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार ग्रहण किया है राज्य के हर आयु वर्ग के उदयीमान खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित कर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। यह बात डिसेबल्ड स्पोटिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने आज मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित मा० मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति उन्नयन योजना के अन्तर्गत रूद्रपुर ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बालक बालिकाओं को प्रारंभ से ही विभिन्न खेलों का बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें खेलों की बारीकियां बताई जाती है। ताकि उससे सीख कर वह खेलों में राज्य एवं देश का नाम गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खेल छात्रावासों में खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उदयीमान खिलाड़ियों को सरकार की ओर से प्रतिमाह 1500 सौ रुपए की छात्रवृत्ति भी उपलब्ध कराई जाती है। श्री चुघने कहा कि आज मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 6 आयु वर्ग के बालिकाओं की चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। जिसमें 8 से 9 वर्ष, 9 से 10 वर्ष, 10 से 11 वर्ष, 11 से 12 वर्ष, 12 से 13 वर्ष तथा 13 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग में प्रत्येक वर्ग के 6 बालिकाओं का चयन किया गया। इसी प्रकार 6 वर्गों में 36 बालकों का भी चयन किया जाएगा। श्री चुघने कहा कि आज प्रदेश के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी भी व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे और खेल एवं खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है। श्री चुघ ने सभी चयनित उदयीमान खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बालिका वर्ग के ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल्स में रूद्रपुर ब्लॉक से 5 एवं न्याय पंचायतों के 25 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, अनूप दत्ता, राजा भारद्वाज, सुरेश पाण्डे उप निदेशक खेल उक्त चयन ट्रायल्स प्रतियोगिता के अतिथि थे। प्रतियोगिता का संचालक कमल किशोर सक्सेना, संयोजक खेल समन्वयक एवं संयोजक – प्रधानाचार्य डा० अरूण कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक लक्ष्मण सिंह ताकुली, राजेन्द्र सिह भाकुनी, हरीश राम, सुरेश बिष्ट, केश कुमार, डा० उमा शंकर, कैलाश वर्मा, महेश चंद आदि थे।



# अल्मोड़ा बेस अस्पताल में किया एमआरआई मशीन का लोकार्पण

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। जनपद प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बेस अस्पताल अल्मोड़ा में 12.5328 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया कि अब अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ वासियों को एमआरआई के लिए हल्द्वानी



नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को बड़ी रकम खर्च करके हल्द्वानी या देहरादून एमआरआई के लिए जाना पड़ता था, अब यहीं पर एमआरआई की सुविधा होने से लोगों की समय तथा पैसों की भी बचत हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले परिवारों के लिए यहां पर मुफ्त में एमआरआई की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, जिलाधिकारी विनीत तोमर, प्रिंसिपल सीपी भैंसोड़ा समेत अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सैनिक स्कूलों में छात्राओं के दाखिले

सामान्य स्कूलों में लड़कियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने के मामले समाज और सरकार के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं।कुछ साल पहले तक सैनिक स्कूलों में पढ़ाई करना लड़कियों के लिए बस सपना भर था। लेकिन जब से सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले की व्यवस्था शुरू की गई, उसके बाद बदलती तस्वीर ने फिर यही दर्शाया है कि अगर महिलाओं को अवसर मिले तो वे हर मोर्चे पर अपनी काबिलियत साबित कर सकती हैं। सैनिक स्कूलों में अब लड़कियों ने खासी संख्या में दाखिला लेना शुरू कर दिया है और एक तरह से इसे मुख्य रूप से पुरुषों की धारा में महिलाओं के एक और ठोस हस्तक्षेप के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, सरकार ने एक सवाल के जवाब में सोमवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी कि देश में तैंतीस सैनिक स्कूलों में बारह सौ निन्यानबे छात्राएं पढ़ रही हैं। इसके अलावा, विभिन्न संस्थानों की साझेदारी में खुले सैनिक स्कूलों में तीन सौ तीन अन्य छात्राएं भी पढ़ाई कर रही हैं। जिस दौर में विभिन्न कारणों से सामान्य स्कूलों में लड़कियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने के मामले समाज और सरकार के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं, उसमें सैनिक स्कूलों में छात्राओं की बढ़ती संख्या को निश्चित रूप से एक सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है। गौरतलब है कि कुछ साल पहले सरकार ने एक प्रायोगिक परियोजना के तहत सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश को मंजूरी दी थी, तब इसे लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की ओर एक ठोस पहलकदमी माना गया था। दरअसल, सैन्य क्षेत्र में महिलाओं के आगे बढ़ने को लेकर समाज में कई स्तर पर पूर्वाग्रह कायम रहे हैं और इसका असर भी सेना में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाली लड़कियों पर पड़ता रहा है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ वर्ष पहले तक महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन को लेकर कई स्तर पर अड़चनें मौजूद रहीं। लेकिन समय के साथ सेना में महिलाओं की उपस्थिति और उनकी काबिलियत एक जरूरत के तौर पर उभरी। इस क्षेत्र में काम करने के अमूमन हर मोर्चे पर महिलाओं ने अपनी क्षमता साबित की और उन्हें जो जगह मिल सकी, उसे उन्होंने अधिकार के तौर पर लिया।सैनिक स्कूलों में भी लड़कियों के दाखिले को लेकर अगर एक आग्रह बना हुआ था, तो उसका कोई ठोस आधार नहीं था। यह इससे भी साबित हुआ कि पिछले कुछ सालों में ही सैनिक स्कूलों में भारी तादाद में लड़कियों ने दाखिला लिया और अब यह संख्या सोलह सौ से ज्यादा पहुंच गई है।दरअसल, लोकतंत्र में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के सूत्र पर काम करने वाली सरकार को यह ध्यान रखना पड़ता है कि समाज का कौन-सा हिस्सा किसी क्षेत्र में मुख्यधारा से वंचित है और किसे किस तरीके से सशक्त बनाया जा सकता है। इस लिहाज से देखें तो हर क्षेत्र में विकास के बीच आज भी महिला सशक्तीकरण और इसके जरिए लैंगिक समानता कायम करना वक्त का तकाजा है। खासतौर पर उन क्षेत्रों में महिलाओं की गैर-मौजूदगी या फिर बेहद कम संख्या को लेकर चिंता जताई जाती रही है, जिन्हें आमतौर पर केवल पुरुषों के लिए अनुकूल बताया जाता रहा है। जबकि सच यह है कि पुरुषों के लिए सहज माने जाने वाले हर क्षेत्र में जब महिलाओं को भी अवसर मिले, तब दायित्वों के सभी स्तर पर बेहतर नतीजे ही सामने आए। सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले की शुरुआत करने के पीछे भी महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य ही काम कर रहा था। इन स्कूलों में बढ़ती संख्या से यही पता चलता है कि इस ओर बढ़े कदमों के नतीजे सकारात्मक आए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन स्कूलों से पढ़ाई करके निकलने वाली लड़कियां देश के बेहतर भविष्य में अपना योगदान दे पाएंगी।

# श्री देव सुमन जी की पुण्यतिथि पर किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री देव सुमन जी की पुण्यतिथि पर 25 जुलाई को विद्यालय में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित स्कूल नर्सरी योजना के अर्न्तगत स्थापित की गयी नर्सरी में रोपित बीजों से बने पौधों का स्कूल परिसर में रोपण किया गया। स्कूल नर्सरी योजना का मुख्य विषय 'पौधे उगाओ पौधे लगाओ' के क्रम में यह कार्यक्रम विद्यालय में धर्मवीर सिंह स०अ० स्कूल नर्सरी योजना प्रभारी के नेतृत्व में किया गया । इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा सेवित क्षेत्र के सम्मानित अभिभावक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्री एसके त्रिपाठी ने आये हुए सम्मानित महानुभावों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका स्वागत/ अभिनन्दन किया तथा स्कूल नर्सरी योजना के अर्न्तगत बीजारोपण से लेकर वृक्षारोपण तक सम्पूर्ण गतिविधियों जैसे नर्सरी स्थापना, बीजरोपण, नर्सरी का रखरखाव पानी और खाद प्रदान करना तथा बीज से पौधे बनने की सम्पूर्ण प्रक्रिया छात्र/छात्राओं को पांच सदनों (पृथ्वी, जल, आकाश, वायु अग्नि) में बांटकर की गई छात्र छात्राओं ने गतिविधियों गतिविधियों को लाग बुक में नोटकर भलीभांति सीखा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का भाव जाग्रत किया। कार्यक्रम में आये सभी महानुभावों द्वारा बताया गया कि छात्र छात्राओं को पर्यावरण के प्रति सजग संवेदनशील और जागरूक बनाने की ओर प्रेरित करना हमारे राष्ट्र की बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। सभी के द्वारा स्कूल नर्सरी योजना के उद्देश्यों से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया। छात्रों को प्रकृति और ग्लोबल वार्मिंग का ज्ञान हो, छात्र पेड़ पौधे का महत्व और अनको लगाने की प्रक्रिया सीख सके पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जान सकें । कार्यक्रम के साथ-साथ विद्यालय सेवित क्षेत्र में सभी के साथ मिलकर छात्र/छात्राओं ने वृक्षारोपण किया तथा प्रत्येक छात्र/छात्रा को संकल्प कराया गया, एक एक पौधा अपने घर ले जाकर उचित स्थान पर लगाकर पेड बनने तक उसकी देखभाल करना ही स्कूल नर्सरी योजना के उददेश्यों को पूरा करेगा। कार्यक्रम में भास्करानन्द पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी गदरपुर,रूप नारायण गौतम, रेंजर टाण्डा रेंज, मधुसूदन मिश्र, प्रधानाचार्य अटल उत्कृष्ट रा०इ०का० दिनेशपुर, सुरेश कुमार, प्रधानाचार्य राइका० सकैनिया, असीमानन्द (गार्डनिंग एक्सपर्ट) आदर्श जूनियर हाईस्कूल चण्डीपुर,बंशीधर पाण्डेय ब्लाक अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ,गुरूपेज सिंह, ग्राम प्रधान ग्राम सभा विजयनगर ,भास्कर मण्डल वार्ड मेम्बर जगदीशपुर,वीरेन्द्र मण्डल, पूर्व बीडीसी जगदीशपुर ,अरविन्द मजूमदार, स्थानीय चिकित्सक सुरेन्द्र सिंह, वन दरोगा नीरज सिंह,बीट अधिकारी,कुलदीप सिंह, सअ राउमावि खेमपुर ,विजय शंकर, प्रधानाध्यापक, एस0के0 त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक, राउमावि जगदीशपुर,श्रीमती रेशमा, अध्यक्ष जगदीशपुर, श्रीमती विशुका अध्यक्ष, शिक्षक अभिभावक संघ,धर्मवीर सिंह, नोडल अधिकारी, स्कूल नर्सरी योजना,राजेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संचालक, जयप्रकाश, राजकुमार जोशी, मंजू जोशी, हिमांशु जोशी, शोभा रानी, होरीलाल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# अमेनिटी ने सुब्रतो कप के लिए किया क्वालीफाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छठे सीबीएसई डब्लूएसओ नेशनल सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल चौम्पियनशिप अंडर 17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता जो 21 से 25 जुलाई के मध्य अमेनिटी पब्लिक स्कूल काशीपुर रोड़ के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। जिसमे जालंधर को पराजित कर अमेनिटी ने सुब्रतो कप के लिए किया क्वालीफाई किया। यह जानकारी देते स्कूल के निदेशक सुभाष अरोरा और प्रधानाचार्या श्रीमती इन्द्रा त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत की 24 प्रदेशों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिवस में मुख्य रेफरी दिनेश, अखिलेश मंडल तथा उनके सहयोगियों द्वारा 24 मैच खिलाए गए। जिसमें 8 टीमों ने अपना पूल टॉप करते हुए अगले राउण्ड के लिए जगह बनाई ।दूसरे दिन 8 टीमों ने अपने क्यालीफाई राउण्ड खेले और 4 टीमों कलकत्ता, राजस्थान, जलन्धर, और उत्तराखण्ड से अमेनिटी ने सेमीफाइनल के लिए जगह बनाई। तीसरे दिन सेमीफाइनल खेलते हुए जलंधर से संत बाबा भागसिंह और उत्तराखंड से अमेनिटी की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम दिवस में फाइनल खेलते हुए अमेनिटी के खिलाडियों ने मैच के पहले हॉफ में कुशल देउबा ने पेनाल्टी लेते हुए अमेनिटी की टीम को 1 गोल की बढ़त दिलाई। साथ ही पंजाब की तरफ से कड़ा प्रहार करते हुए कॉर्नर किक से अपने खिलाड़ी को पास देकर अपनी टीम को बराबरी में ला दिया। लेकिन द्वितीय हॉफ में कोच अमित वर्मा, कोइजम राजेंद्रो तथा टीम मैनेजर मयंक सांगडी के कुशल मार्गदर्शन को अपनाते हुए अमेनिटी के खिलाडियों ने जलंधर की टीम पर दबदबा बनाते अनिमेष यादव ने 1 गोल दागा। ठीक उसी के उपरान्त रूडू ने हैट्रिक लगाते हुए अमनिटी को विजय दिला दी। अंत में 5 - 1 से अमेनिटी की टीम विजयी घोषित हुई।जो अगले राउन्ड के लिए दिल्ली में खेलने को अगस्त में रवाना होगी। विजयी टीम को मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह पंवार, विशिष्ट अथिति विद्यालय के निदेशक सुभाषअरोरा व प्रधानाचार्या इन्द्रा त्रिपाठी ने सामूहिक रूप से विजयी टीम को ट्रॉफी व 51 हजार रुपए की नगद धनराशि प्रदान की। कार्यक्रम में सीबीएसई के चीफ कॉआर्डिनेटर एमएल साहू, ऑब्जर्वर मनीश, राजीव, हिमांशु आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# जिपं अध्यक्ष व अपर मुख्य अधिकारी पर उत्पीड़न का आरोप

## जिपं सदस्या ने अनु. जनजाति आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विकास खण्ड गदरपुर के खेमपुर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्या सुमन सिंह ने अनुसूचित जनजाति आयोग,उत्तराखण्ड की कार्यकारी अध्यक्षा श्रीमती लीलावती राणा को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष और अपर मुख्य अधिकारी पर जनजातीय जिला पंचायत सदस्यों व मतदाताओं का उत्पीड़न किए जाने व उसकी कार्य योजनाओं को विद्वेष भाव से जानबूझकर रोके जाने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सुमन सिंह का कहना है कि जनजातीय जनसंख्या की प्रधानता के अनुसार पूरे जनपद में जिला पंचायत सदस्यों के कुल 7 से अधिक पद जनजाति के लिए आरक्षित हैं। उनका आरोप है कि ठेकेदारों को भ्रम और दबाव में रखने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष और अपर मुख्य अधिकारी द्वारा ठेकेदारों को कार्ययोजनाओं के वर्क ऑर्डर लिखित में प्रदान नहीं किए जाते हैं केवल मौखिक आदेश या सहमति के आधार पर उनसे कार्यपूर्ण करने का ईशारा कर दिया जाता है जो कि नियम विरूद्ध गलत है। सुमन का कहना है कि वर्तमान बोर्ड गठन की अवधि से अब तक (वित्तीय वर्ष 2019 से 2023) जिला पंचायत को कुल 52.30 करोड़ से अधिक का बजट प्राप्त होने की जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त हुई है। इस धनराशि में से मात्र 1 से 1.25 करोड़ रु. की राशि प्रति सदस्य के क्षेत्र में विकास कार्य हेतु अभी तक आवंटित / स्वीकृत की गई है जिसमें से 40 लाख रू. के कार्य लम्बित व विवादपूर्ण स्थितियों में हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी और जिला पंचायत प्रशासन कुल बजट राशि की 25 प्रतिशत धनराशि मनमाने रूप से व्यय कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि अभी तक इस प्रस्ताव की आड़ में अध्यक्ष कुल बजट का 25 प्रतिशत 14.22 करोड़ रु. केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र बरा, सितारगंज में ही खर्च कर चुकी हैं। इससे अन्य क्षेत्रों व क्षेत्रवासियों विशेषकर जरूरतमंद थारू व बुक्सा जनजाति, अनुसूचित जाति और निर्धन वर्ग को विकास कार्यों से वंचित होना पड़ा है। सुमन का कहना है कि ग्राम खेमपुर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पीछे सिंचाई की नाली का निर्माण कार्य पूर्ण करने के बाद भी ठेकेदार का भुगतान लम्बित रखने व उत्पीड़ित करने के लिए इस कार्य की जाँच यह कह कर करवायी जा रही है कि इस कार्य का भुगतान किसी अन्य विभाग से संबन्धित ठेकेदार ने ले लिया है। ग्राम मसीत में आरसीसी रोड का निर्माण जो कि निविदत्त व स्वीकृत है का वर्क ऑर्डर अभी तक जारी नहीं किया है। झूठे आरोप के आधार पर जाँच के नाम पर उनके क्षेत्र की कार्ययोजनाओं को दुर्भावना से रोका गया है। सुमन ने सभी बिन्दुओं की विधिवत जांच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 19 अगस्त से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी 19 व 20 अगस्त को भारत का समृद्ध सांस्कृतिक अतीत पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित यह संगोष्ठी विभिन्न उप-विषयों पर आधारित होगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. पीएन तिवारी ने बताया प्राचार्य प्रो. डीसी पंत के निर्देशन में यह संगोष्ठी समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुत करने हेतु 15 अगस्त तक समन्वयक डॉ. अंचलेश कुमार को ई-मेल द्वारा प्रेषित किया जा सकता है।आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा इस संगोष्ठी को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वीकृति दी गई है। इस संगोष्ठी में विषय-विशेषज्ञ के प्रस्तुतिकरण के अलावा, प्राध्यापक, गोधार्थी व छात्र- छात्राओं द्वारा भी संबंधित विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके तहत विभिन्न सत्रों में विविध विषयों पर व्याख्यान व प्रस्तुतिकरण होंगे। गुणवतापूर्ण शोध-पत्र प्राप्त होने की स्थिति में संगोष्ठी के पश्चात एक पुस्तक भी संपादित की जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु समाजशास्त्र विभाग व विवणिका में अधिकृत प्राध्यापकों से संपर्क किया जा सकता है।

# सरकार आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी : रेखा आर्या

नैनीताल(उद संवाददाता)। जनपद प्रभारी मंत्री नैनीताल रेखा आर्या ने गत दिवस ज्योलीकोट,कैंची, हली,पंगोट क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।जहां उन्होंने कहा कि हली गाँव मे भारी बारिश के कारण ग्रामवासी काफी प्रभावित हुए हैं जिसपर ग्रामवासियों से मिलकर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी।उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से कहीं ना कहीं क्षेत्रवासियों को बेहद कठनाइयों



का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में उन्होंने आज संबंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क मार्ग सुचारू कराने और क्षेत्रवासियों को हुए नुकसान का त्वरित भुगतान किया जाए। साथ ही प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कल होने वाली बैठक में ठोस रणनीति के साथ आने और इसे रोकने के उचित समाधान बताने के निर्देश भी दिए ताकि त्वरित कार्य आरंभ और नुकसान को कैसे ठीक किया जा सके। वही आज प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने स्थानीय विधायक सरिता आर्य के साथ डिग्री कॉलेज, पंगोट में भूस्खलन से सड़क मार्ग अवरुद्ध होने और बलियानाला का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया।उन्होंने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क मार्ग को जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए।वही अवरुद्ध सड़क मार्ग पर किये जा रहे कार्य का भी जायजा लिया।अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता ना होने पाए सभी अधिकारी इसे सुनिश्चित करें।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सामाजिक संगठनों की बैठक में उठी कई समस्याएं

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बुद्ध पार्क में आयोजित सामाजिक संगठनों की एक बैठक में देश व प्रदेश में घटते हुए रोजगार के अवसरों, गरीबी, मंहगाई और देश के कार्पोरेटीकरण और बढ़ते हुए पूंजीवाद पर चर्चा की गई और सरकार के हालिया निर्णयों की कड़ी निन्दा की गई। सभा आयोजन टिहरी में राजशाही के खिलाफ आमरण अनशन करके 1944 में 28 शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानी श्रीदेव सुमन की शहादत की याद में किया गया था। सभा में मणिपुर की जनता के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए सरकार सें मणिपुर समस्या का तुरन्त शान्ति पूर्वक समाधान निकालने की मांग की गई। बैठक में बोलते हुए उत्तराखंड सर्वोदय मण्डल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन ने कहा कि जब सरकार बुलडोजर को शासन का प्रतीक बना रही है तो विकास नहीं विनाश हो रहा है। गरीबों और कमजोर वर्गो की बस्तियों को उजाड़ा जा रहा है। लालकुआं, नैनीताल ऋषिकेश आदि अनेक स्थानों पर गरीबों की बस्तियों को उजाड़ा गया है। सरकार शहरों, गांवों जंगलों और सार्वजनिक हित की जमीन पर कब्जा करके उसे कार्पोरेट्स को बेचकर कमाई करने का मंसूबा बना रही है, उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक अनेक स्थानों पर सरकार ने कार्पोरेट को बेचने के लिए वर्षों से रहने वाले वैध जमीन मालिकों से जबरदस्ती जमीन खाली कराई है ताजा मामला देश की शीर्ष गांधीवादी संस्था सर्व सेवा संघ के बनारस परिसर पर सरकारी कब्जे का है, सरकार ने बिना किसी



न्यायिक प्रक्रिया और आदेश के परिसर को भारी पुलिस लगाकर जबरदस्ती खाली कराया है। इसी तरह मणिपुर में कुकी आदिवासियों के मुकाबले मैतेई समुदाय को खड़ा करके आदिवासियों की बेशकीमती जमीनें कार्पोरेट को बेचने की चाल चल रही है। इस विवाद में महिलाओं के साथ घोर अमानवीय व्यवहार हुआ है। इस जातीय तनाव और हिंसा से डेढ़ सौ से अधिक लोगों की हत्याएं/मौत हो चुकी हैं हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। अम्बेडकर मिशन के जी आर टम्टा ने संवैधानिक संस्थाओं के ह्रास पर सरकार की आलोचना करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि शासन प्रशासन संविधान की व्यवस्थाओं के अनुसार चलना चाहिए जबकि वर्तमान सरकार तानाशाही से सरकार चला रही है।बैठक में संविधान की उद्देशिका पढ़कर उसकी थपथ ली गई और नफरत नहीं रोजगार दो की मूल मांग से राज्य के विकास दिशा तय करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में एक प्रस्ताव पर चर्चा के बाद और सहमति जिसमें प्रदेश में किसी अपराध होने पर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण न करने और अपराधी के खघ्लिाफ निष्पक्ष ढंग से कार्यवाही करने व पुलिस के खिलाफ शिकायत के लिए पुलिस आयोग बनाने, प्रत्येक परिवार को पर्याप्त राशन मुहय्या कराने की मांग के साथ निजी कम्पनियों को किसी तरह की सब्सिडी और राहत देना बंद करने की मांग की गई है। वनाधिकार कानून को पूरी तरह से लागू करने पहाड़ में भी कानून लागू करने लीज के मामले निपटाने, भूमि बंदोबस्त करने आदि के साथ 2018 का भूकानून रद्द करने की मांग की गई है। बैठक का आयोजन उत्तराखंड सर्वोदय, उत्तराखंड सर्वोदय समाज उत्तराखंड सद्भावना समिति, द्वारा किया गया था जिसमें परिवर्तनकामी छात्र संगठन, अम्बेडकर मिशन है और माले आदि संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महेश चन्द्र, रजनी जोशी, जी आर टम्टा, इस्लाम हुसैन, अजय जोशी, सरताज आलम, तस्लीम अंसारी रूपाली, चन्दन, मुकेश भण्डारी, मनोज, गोविन्द गौतम, कैलाश पाण्डेय, रीता, राजेश आदि ने भाग लिया। बैठक के बाद एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम सें मुख्यमंत्री उत्तराखंड को प्रेषित किया गया। दूसरा ज्ञापन सर्व सेवा संघ परिसर बनारस को सरकारी कब्जे से मुक्ति के लिए महामहिम राष्ट्रपति को सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रेषित किया गया।

# जीवन बीमा कर्मियों ने पार्क में किया पौधा रोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सीबी ०2 हल्द्वानी द्वारा हीरानगर में स्थित सार्वजनिक पार्क में शाखा के अनेक कर्मचारी, विकास अधिकारी व अभिकर्ताओं के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजेश तिवारी एवं मंडल कार्यालय से प्रबंधक कार्यालय सेवा भारती, बीएसयू से हेमन्त भी उपस्थित रहे।शाखा प्रबंधक श्री तिवारी ने बताया कि निगम का लक्ष्य प्रत्येक




व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करने के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा करने का भी संदेश देता है। इसी लक्ष्य को लेकर इस वित्तीय वर्ष में शाखा द्वारा 6500 वृक्ष लगाने का लक्ष्य शाखा को पूर्ण करना है। जिसकी शुरुआत की गईहै। इस अवसर पर स. शाखा प्रबंधक एएस गर्ब्याल, विकास अधिकारी अमित साह, चंद्रेश जोशी, मनोज जोशी, निगम के कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश भट्ट, तुहिन उप्रेती, दिनेश जोशी, सुरेश पाठक, सतीश तिवारी, अभिकर्ता देवेंद्र मेहरा, हरीश तिवारी, नंदन रौतेला, नेहा जंगपागी आदि उपस्थित रहे।

# गुरु हरकिशन जी के प्रकाश पर्व पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्वामी इंस्टिट्यूट में डायरेक्टर विशाल सक्सेना और सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह द्वारा



आयोजित कार्यक्रम में गुरु हरकिशन जी के प्रकाश पर्व पर क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान रेड रोज पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर स.अजैब सिंह धलीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिख धर्म के 8 वें गुरु श्री गुरु हरकिशन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, गुरु हर राय जी के सुपुत्र गुरु हरकिशन जी ने मात्र 9 वर्ष के अल्पकाल में दिल्ली में फैले चेचक रोगियों की सेवा एवं सहायता की। मात्र 9 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी छोटी सी उम्र में शरीर त्याग दिया। आज उनकी याद में नई दिल्ली में बने गुरुद्वारा बंगला साहिब में भारी गिनती में संगत द्वारा प्रतिदिन सहभागिता करते हुए 24 घंटे गुरबाणी कीर्तन और गुरु के लंगर का आनंद उठाया जाता है। इसके अलावा गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में गुरुद्वारा कमेटी,कार सेवा और संगत के सहयोग से विभिन्न प्रकार के रोगों के इलाज के लिए करोड़ों रुपए की मशीनों द्वारा निशुल्क चिकित्सा सेवा भी की जाती है। कार्यक्रम में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और शहीद चंद्रशेखर आजाद द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए महान कार्यों का भी वर्णन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर स्वामी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर विशाल सक्सेना द्वारा सभी का धन्यवाद करते हुए प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुस्तकें एवं शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अभिषेक, वैभव, शीना, पलक बठला,पलक सूद, सानिया, मोना, शिवा,साहिल,सिद्धि, तनीषा, संयुज, किंजल, अंशुमान, आरव, साईं, अभिनव, वासु आदि शामिल थे।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ब्रम्हलीन महामंडलेश्वर स्वामी बालकृष्ण यति जी महाराज की 10वीं पुण्य तिथि बेरीपड़ाव मोटाहल्दू स्थित अष्टादशभुजा श्री महालक्ष्मी मंदिर मेंकल 27 जुलाई को श्रद्धा के साथ मनाई जायेगी। इस अवसर पर जाग्रति कलामंच के प्रमोद मिश्रा एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ सायं 4 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति जी महाराज ने बताया कि पूज्य महाराज ने 27 जुलाई को वाराणसी स्थित जागेश्वर मठ ईश्वर गंगी में शरीर छोड़ा था। उनकी पुण्य स्मृति पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।



# सनातन धर्म मंदिर की नई कार्यकारिणी का गठन

गदरपुर(उद संवाददाता)।बुध बाजार गदरपुर स्थित सनातन धर्म मंदिर में वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र इश्पुजानी की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार भुड्डी एवं सोमनाथ छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यकारिणी के गठन से पूर्व मंदिर अध्यक्ष वेद बजाज द्वारा पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र इश्पुजानी की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से वेद बजाज को अध्यक्ष राजकुमार सिंधी को महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर लेखराज भुड्डी को चुना गया एवं मयंक चुग को सनातन धर्म युवा मंच का अध्यक्ष नियुक्त किया गया वही उपाध्यक्ष पद पर अजय खेड़ा ,कृष्ण लाल बत्रा, जगमोहन बजाज, सुरेंद्र कुमार ,अशोक पोपली, वीरेंद्र भूड्डी, पंकज बजाज, विजय छाबड़ा, अशोक छाबड़ा, सुखदेव ढींगरा ,सुभाष खुराना से कोषाध्यक्ष पर विजय सुखीजा सुरेंद्र चावला ,राजकुमार झाम, गोपाल सक्सेना व अशोक कुमार भुड्डी एवं, अशोक धीर को एडिटर बनाया गया है मुकेश पाल एवं संजीव झाम को मीडिया प्रभारी बनाया गया वही राजमणि ,संतोष गुप्ता एडवोकेट, श्यामसुंदर चुघ,विनोद बजाज, पारस धवन ,सीताराम चौहान, डॉ गणपति विश्वास, योगेंद्र चौधरी ,मनीष गुप्ता ,दर्शन सिंह नेगी, अंकित बजाज , अंचित सुखीजा, रिंकू पांडे, सुनील कुमार और हपिया एवं श्याम सुंदर कालड़ा कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## पेज एक का शेष...

**सरकार सैनिक कल्याण...**शौर्य स्थल पर राज्यपाल ले जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का गौरव बढ़ाया है, जिस पर हम सभी को गर्व है। इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। कार्यक्रम में उत्तराखंड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल संजीव खत्री सहित कई सेवारत व सेवानिवृत सैन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में हरबर्टपुर और पिथौरागढ़ में डीडीहाट में सैनिक कल्याण विभाग के उप कार्यालय खोले जाएंगे। शहीद स्मारकों का रखरखाव जिला प्रशासन करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पराक्रम की नई परिभाषा लिखी। अपने अदम्य साहस के दम पर वह कर दिखाया जो कोई सेना नहीं कर पाई। यह दिखाया कि कोई दुश्मन हमारी तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता। यह आयोजन इसलिए भी जरूरी है कि भावी पीढ़ी इस शौर्य गाथा से परिचित हों। इसे अपने मानस पटल, अपनी स्मृति में रखें। आने वाली कई पीढ़ियां इससे प्रेरणा लेती रहेंगी। आज सेना गोली का जवाब गोले से देती है। आज हमारी सेना दुश्मन को उसके घर में घुसकर धूल चटा रही है। कहा कि राज्य सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। सैनिक का कोई धर्म, कोई जाति नहीं होती। वीर बलिदानियों की यादों को संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमारी सरकार इस दिशा में भी कार्य कर रही है। राज्य सरकार देहरादून में सैन्य धाम का निर्माण कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार ने सैनिकों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राजपुर रोड विधायक खजानदास, कैंट विधायक सविता कपूर, महापौर सुनील उनियाल गामा, भाजपा नेता पुनीत मित्तल आदि मौजूद रहे। **रुद्रपुर**-पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर शौर्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, डीएम उदयराज सिंह,एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मेयर रामपाल सिंह,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, सुरेश परिहार ने बलिदानियों को याद करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा लेने की बात कही।

**विभिन्न मांगो को लेकर...**न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद की गारन्टी का कानून बनाने, किसानों के सभी किस्म के ऋण माफ करने की मांग करने, विद्युत संशोधन विधेयक 2022 को तत्काल वापस लेने, किसानों को मुफ्त बिजली देने लखीमपुर खीरी जिले में चार किसानों व एक पत्रकार की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता केन्द्रीय गृह मंत्री अजय मिश्रा टैनी को कैविनेट से बर्खास्त करने,, लखीमपुर खीरी में बेगुनाह किसानों पर किए गये झूठे मुकदमें वापस लेने, घायल किसानों के परिवारों को मुआवजा देने का वायदा पूरा करने , सूखा, बाढ़ अतिवृष्टि, फसल सम्बन्धी बीमारियों आदि के कारण होने वाले नुकसान को कवर करने के लिए सभी फसलों के लिए तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने, सभी मध्यम, छोटे और सीमान्त पुरूष और महिला किसानों और खेतीहर मजदूरों के लिए 10,000 प्रतिमाह किसान पेन्शन योजना लागू करने, स्मार्ट सिटि, ऑल वेदर रोड़, विद्युत रेलवे, केदारनाथ, बदरीनाथ नव निर्माण योजना जैसी जन विरोधी कार्पोरेट की पक्षधर योजनाओं पर रोक लगाने, अतिक्रमण हटाने के नाम पर उत्पीड़न रोकने ,वर्षो से वन भूमि बांध, सिंचाई ग्राम समाज व अन्य भूमि पर काबिज किसानों, मजदूरों को मालिकाना हक देने, बाजपुर के करीब 20 गांव के लोगों के भूमिधरी अधिकार वापस करने, और खरीद फरोख्त पर लगी पाबन्दी हटाने, जोशीमठ सहित सभी भूस्खलन क्षेत्रों में समुचित पुनर्वास की व्यवस्था करने,वर्ग एक व वर्ग चार के पटटे की भूमि पर उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश के तहत हजारो किसानों की जमा लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण,गन्ना खरीद मूल्य 500रू प्रति कुन्तल करने, गन्ने का भुगतान 14 दिन में करने व समय से भुगतान न करने वाली मिल प्रबन्धन के खिलाफ मामला दर्ज करने,कोविड व किसान आन्दोलन के दौरान किसानों, मजदूरों पर दर्ज सभी मुकदमें वापस किये जाने, सहित 16 सूत्रीय मांगें उठाई। इस दौरान ठा. जगदीश सिंह,तजेन्द्र सिंह विर्क, ललित मटियाली, जसवीर सिंह, गुरजीत सिं,ह नरेश पंडित, कांवल सिंह, गुरदीप सिंह, सुरजीत सिंह बरनाला के अलावा तराई किसान संगठन, अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन, किसान यूनियन एकता उग्रहां, भूमि बचाओ मुहिम आदि के पदाधिकारी शामिल थे।

**सरकारी पार्क पर ...**इसका अस्तित्व ही समाप्त करना चाहती है। कहा कि क्लब के पदाधिकारियों की मनमानी के चलते पार्क नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्लब में मंच का निर्माण तत्कालीन मेयर सोनी कोली द्वारा किया था। इस मंच को अब कमेटी के लोग समाप्त कर इसमें गोदाम बनाकर इसे किराये पर देने की जुगत में है। पूर्व में भी इस तरह के प्रयास किये गये थे जिसका विरोध किया गया तो लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गयी और अवैध निर्माण की कोशिश फिर शुरू हो गयी। गुस्साए लोगों ने कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित करने और सुभाष क्लब का अस्तित्व बनाये रखने की मांग की। इसे लेकर मेयर को ज्ञापन भी दिया गया। साथ ही लोगों ने मामले में तुरंत एक्शन लेने पर मेयर रामपाल का आभार भी व्यक्त किया। हंगामा करने वालों में पार्षद बबलू सागर, सत्यजीत मलिक,देव वाला, योगेश, अमित, दीपांकर, महादेव वाला, गब्बर विश्वास, संजय हलदार, विपुल गाईन आदि शामिल थे।

**सीएम की घोषणा से ...**बाईपास रोड पर ना बनाकर शहर से कहीं बाहर बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे गरीबों में आक्रोश है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर के एकमात्र गांधी पार्क को मल्टी स्टोरी पार्किंग के नाम पर खुर्द बुर्द करने की योजना बन रही है। पिछले दिनों जी-20 की आड़ में सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ दिया गया, जिन्हें अभी तक पुनर्वास नहीं किया गया है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि भाजपा गरीबों को उजाड़ने का काम कर रही है जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा, पीसीसी सदस्य परिमल राय, बीडीसी राखी जोशी, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, सहित पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में निगम में नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद,महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह राणा,महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद,किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामदयाल सिंह,फरीद अहमद मंसूरी,पार्षद सुशील मंडल,प्रीति साना,राजेश कुमार,अरशद खान,रामाधारी गंगवार,राकेश जोशी,सपना गिल,सुमित राय,दिनेश मौर्या,दिलशाद अहमद,रविंद्र गुप्ता,डॉक्टर शाहिद,अमीर हुसैन,विमल धारामी,सुभाष दिवाकर,उमर अली,कमलेश गुप्ता,भूपेंद्र सिंह,राजीव यादव,अजय यादव,शंकर कोली,पप्पू कोली,विजेंद्र कोली,कुंवर पाल कोली,निरोध अधिकारी,विजय हरि,नाजिर अहमद,अरशद पाशा,सुनीता सैनी,परवीन नाज,रेखा देवनाथ,ममता शर्मा,किशोरी,बसंती, धर्मेंद्र यादव,विकास विश्वास,मान सिंह,चेतन जोहरी,दिनेश मौर्या,सोंटी पांडे,बाबू विश्वकर्मा, जगदीश कर्मकार, प्रिया सरकार,अरविंद सक्सेना,रजनी शर्मा,सावित्री यादव,अनिल शर्मा,सुदर्शन शर्मा,ममता,गोला इदरीस अहमद सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अंग्रेजी शराब की ...**शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर महादेव नगर काशीपुर निवासी गुरविंदर सिंह पुत्र अजायब सिंह ने बताया कि बाजपुर रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान नंबर 3 का अनुज्ञापी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 24 जुलाई की रात्रि 11:50 बजे अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे का शटर तोड़कर अंदर गल्ले में रखी 25 हजार रुपयों की नकद उड़ा दी। चोरी की यह घटना समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

**श्रमिकों सेभरा..**नियंत्रण खो बैठा और टेम्पो अनियंत्रित होकर मार्ग में पलट गया। इस दुर्घटना से टेम्पो में सवार श्रमिकों में चीख पुकार शुरू हो गई। शोर की आवाज सुनकर कई लोग वहां आ पहुंचे। बाईक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। लोगों की मदद से टेम्पो को सीधा कर टेम्पो चालक अरूण ने घायलों को अपने टेम्पो से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां कृष्णा कालोनी निवासी अरविंद पुत्र बाबू राम, पुष्पा पत्नी हिमांशु, ओमप्रकाश पुत्र रामधनी, गडढ़ा कालोनी निवासी चम्पादेवी पत्नी अरविंद सहित टेम्पो चालक अरूण का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा   एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000